कालेजों को मान्यता देने की कोई व्यवस्था नहीं है लेकिन डिग्री की मान्यता देने की व्यवस्था है। तथापि, भारतीय चिकित्सा परिषद् यह सुनिश्चित करने के लिए कि चिकित्सा कालेज परिषद द्वारा निर्धारित मानदण्डों के अनुसार कार्य करते है, उनका मूल्यांकन करती है। प्रमुख-स्वामी मेडिकल कालेज, करमसद सरदार पटेल विश्वविद्यालय से संबद्ध है। सरदार पटेल विश्वविद्यालय द्वारा दी गई एम०बी०बी०एस० डिग्री को वर्ष 1993 से भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1956 के खंड 11(2) के अन्तर्गत मान्यता दी गई है।

Development of Anti-Diarrhoeal Vaccine

7285. SHRI YERRA NARAYANA-SWAMY: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether an anti-diarrhoeal vaccine has been developed overseas;

(b) whether Government have obtained any information on this vaccine and propose to introduce the vaccine in the country; and

(c) the approximate date of its introduction?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE: (SHRI PABAN SINGH GHATOWAR): (a) to (c) It has been reported by WHO that a vaccine has been developed in USA (tetravalent rhesus/human Yotavirus vaccine) for diarrhoeas caused by Rotavirus. The vaccine is scheduled to be available in United States and Europe in 1997. WHO is carrying out a study in Venezuela to determine the benefits of this vaccine for developing countries. The study will be completed by the end of 1995.

Two oral cholera vaccines have been licensed in Europe. WHO has not yet recommended the use of any of these vaccines for public health use.

"एड्स" के नियंत्रण हेतु विदेशी सहायता

7286. **श्रीमती आनन्दी बेन जेठाभाई पटेल:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विदेशी सरकारों ने भारत में "एड्स" के फैलाव को रोकने के लिए तथा इस पर नियंत्रण पाने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं/सरकारी एजेंसियों को किसी प्रकार की वित्तीय सहायता/दान देने की पेशकश की है;

(ख) यदि हां, तो प्रत्येक विदेशी सरकार द्वारा किन-किन संगठनों/एजेंसियों को धन दिया गया है और प्रत्येक संगठन/एजेंसी को कितना-कितना धन दिया गया है;

(ग) उपर्युक्त एजेंसियों द्वारा उपर्युक्त धन को किस रूप में खर्च किया गया है; और

(घ) तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पबन सिंह घाटोवर): (क) से (घ) विवरण इस प्रकार है:—

	विदेशी एजेंसी/सरकार का नाम	रकम (अमरीकी डालर)	धन खर्च करने का तरीका
1.	ओ०डी०ए० (यूनाइटिड किंगडम)	(क) 35,000	1991-92 पूर्वोत्तर राज्यों को सहायता।
		(ख) 2,500,000	पश्चिम बंगाल राज्य में कार्यक्रम कार्यकलापों के लिए प्रस्तावित सहायता 1993—95 ट्रक मालिक और सूचना शिक्षा एवं संचार/या यौन संचारित रोग संबंधी प्रस्ताव
		(ग) 172,500	भारतीय स्वास्थ्य और प्रबंध अनुसंधान संस्थान, जयपुर के जरिए अन्तर्नगरीय ट्रक-ड्राइवरों के बीच देशव्यापी एड्स/यौन संचारित रोग निवारण।